शहर में पहला मॉडर्न स्लॉटर हाउस तैयार, मशीनों की टेस्टिंग शुरु

जीरो वेस्ट टेक्निक पर काम करेगा स्लॉटर, नालियों में नहीं बहेगा खून

मांस की दुकानों पर हो रही स्लाटिंग होगी बंद

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल।

प्रदेश का पहला हाईटेक मॉडर्न स्लॉटर हाऊस बनकर तैयार हो गया है। इसमें लगी मशीनों की टेस्टिंग की गई। वहीं नगर निगम अधिकारियों ने इसका मुआयना किया। नया स्लाटर हाऊस शुरू होने के बाद अब शहर में घर और दुकानों में हो रही अवैध स्लाटिंग पूरी तरह बंद होगी। नगर निगम का दावा है कि स्लाटिंग के बाद वेस्ट को नालियों में जाने से रोका जा सकेगा। नया स्लाटर हाऊस जीरो वेस्ट बनाया गया है। यानी स्लाटिंग के बाद खून से लेकर दूसरे वेस्ट भी बाहर नहीं निकलेंगे।

जिंसी स्थित पुराने स्लाटर हाऊस को ही लगभग 30 करोड़ की लागत से आधुनिक बनाया गया है। यह पूरी तरह जीरो वेस्ट थीम पर तैयार हुआ है। सालों तक पुराने स्लाटर हाऊस से खून सहित गंदा पानी नालियों में बहाया जाता था। इससे आसपास के इलाकों में प्रदूषण फैलने के साथ ही रहवासी बदबू से परेशान थे। साल 2021 में एनजीटी के निर्देश के बाद नगर निगम ने इसे पीपीपी मोड पर मेसर्स लाइव स्टॉक फूड प्रोसेसर प्राइवेट लिमिटेड को दिया है। कंपनी ने देश-विदेश से आधुनिक मशीनें बुलाकर पुराने स्लॉटर हाऊस को मॉडर्न बनाया है। संचालन के लिए कंपनी को सभी अनुमतियां मिल गई हैं। निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण का कहना है कि मॉडर्न स्लॉटर हाउस बनकर तैयार हो गया है, जिसे जल्द ही शुरु किया जाएगा।

डॉक्टर से चेकअप के बाद मांस होगा सप्लाई

वर्तमान में हॉट बाजार और किसानों से खरीदकर पशुओं की सीधे स्लाटिंग हो जाती है। ऐसे में कई बार ज्यादा बीमार भी काट दिए जाते हैं। लेकिन अब ऐसा नहीं चलेगा। आधुनिक स्लाटर हाऊस में आने वाले हर पशुओं का फिटनेस चैक होगा। इसके लिए चार डॉक्टर मौजूद रहेंगे। मांस के सेंपल का लैब टेस्ट किया जाएगा। यहां भी दो डॉक्टर रहेंगे। इस टेस्टिंग के बाद डॉक्टर की टीम सर्टिफिकेट जारी करेगी। फिर इसकी सप्लाई होगी।

रोजाना एक लाख लीटर पानी की होगी बचत

वर्तमान में यहां 80 पशुओं पर डे लाख लीटर पानी खर्च हो रहा है। लेकिन जीरो वेस्ट स्लाटर में 500 पशुओं पर मात्र 40 हजार लीटर ही पानी खर्च होगा। उसमें भी आने वाले समय में यह खर्च घटकर 20 हजार लीटर पर आ जाएगा।

जांच और इलाज के सथ गंभीर बीमारियों पर होगा शोध

जीएमसी से लिंक होंगे प्रदेश के सभी मेडिकल कालेज

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल

राजधानी स्थित गांधी मेडिकल कालेज में संक्रामक बीमारियों की जांच और इलाज के साथ ही उन पर शोध भी की जाएगी। इसके लिए प्रदेश के सभी चिकित्सा विद्यालयों को गांधी मेडिकल कालेज से लिंक किया जाएगा। विशेष मौसम में किस क्षेत्र के लोगों को ज्यादातर किस किस प्रकार की और कौन-कौन सी संक्रामक बीमारी हो रही है, इसकी जानकारी, जांच तथा शोध के बाद लोगों को इन बीमारियों से बचाव के लिए उपाय किए जा सकेंगे। मेडिकल कॉलेजों के चिकित्सा विशेषज्ञों का चिकित्सीय अनुभव भी इन शोधों में काम आएगा। इन शोधों का सेंटर जीएमसी की बायोरालॉजी लैब तैयार है। इस लैब में बीमारियों की जांच के साथ ही उन पर शोध भी की जाएगी।

प्रदेश में वर्तमान में डेढ़ दर्जन सरकारी मेडिकल कॉलेज हैं। इन सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों को एक साथ ऑन लाइन लिंक करने से इन कॉलेजों के अस्पतालों में रेफर होकर आए गंभीर बीमारियों के मरीजों को बेहतर उपचार मिल सकेगा। क्योंकि कई कॉलेजों में वह चिकित्सीय सुविधाएं रोगियों को नहीं मिल पाती जिनकी उन्हें जरूरत है। इसके अलावा संबंधित मेडिकल कॉलेजों से वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञों को भी जरूरत पड़ने पर कॉल पर बुलाया जा सकेगा। अभी यह स्थिति है कि जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञ चिकित्सकों से संपर्क नहीं हो पाता है और मरीज को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। कई बार तो रोगी की बिना उपचार के जान भी चली जाती है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार इन सारी प्रक्रिया के लिए मेडिकल कॉलेजों में नए स्टाफकी भर्ती की जाएगी। ताकि मेडिकल कॉलेजों में टीचिंग स्टाफके साथ क्लीनिकल स्टाफ की कमी न रहे।

इनका कहना है

प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में टीचिंग स्टाफ सहित जरूरी उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। चिकित्सा छात्रों को गंभीर व संक्रामक बीमारियों की नई शोधों के बारे में जानकारी दी जाएगी ताकि उनकी दक्षता और अनुभव का ज्यादा से ज्यादा मरीज को लाभ मिल सके।

डॉ अरुण कुमार डीएमई

एमपी ट्रांसको के 412 सब स्टेशन में कैपेसिटर बैंक क्रियाशील: तोमर

भोपाल। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि विद्युत उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) अपने अधिकांश एक्स्ट्रा हाईटेंशन सबस्टेशनों में कैपेसिटर बैंकों की स्थापना कर चुकी है। कंपनी के 417 सबस्टेशन में से 412 सबस्टेशन में विभिन्न क्षमताओं के कैपेसिटर बैंक क्रियाशील हैं। इसके अतिरिक्त पुराने सबस्टेशनों में भी आवश्यकता अनुसार नए कैपेसिटर बैंकों की स्थापना के साथ मौजूदा क्षमता में वृद्धि की जा रही है। उन्होंने एमपी ट्रांसको के इस अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को मानक वोल्टेज की गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

9278.5 एम.व्ही.ए.आर.की स्थापित क्षमता

वर्तमान में राज्य में स्थित एम.पी. ट्रांसको के 220 के.व्ही. सबस्टेशनों पर 145 के.व्ही. स्तर के 32 कैपेसिटर बैंक एवं 132 के.व्ही. सबस्टेशनों पर 36 के.व्ही. स्तर के 719 कैपेसिटर बैंक क्रियाशील हैं। कुल मिलाकर प्रदेश में एम.पी. ट्रांसको 751 कैपेसिटर बैंकों तथा 9278.5 एम.व्ही.ए.आर. की संयुक्त स्थापित क्षमता के साथ उपभोक्ताओं को मानक वोल्टेज पर उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति उपलब्ध करा रही है।

52 पुराने कैपेसिटर बैंकों की क्षमता वृद्धि

ट्रांसमिशन कंपनी ने प्रदेश में 52 ऐसे पुराने कैपेसिटर बैंकों की पहचान की है, जिनकी समयावधि आयु पूर्ण हो चुकी है और वे अब अपेक्षित कैपेसिटिव लोड प्रदान करने में सक्षम नहीं हैं। इन सबस्टेशनों में अधिक एमवीएआर क्षमता के कैपेसिटर बैंकों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस आवश्यकता की पूर्ति के लिये कंपनी ने अभियान चलाकर इन स्थानों पर कैपेसिटर बैंकों का प्रतिस्थापन एवं क्षमता वृद्धि की जा रही है, ताकि एमपी ट्रांसकों के सभी सबस्टेशनों से गुणवत्तापूर्ण और मानक वोल्टेज में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

कैपेसिटर बैंक से मिलता है लाभ

एक्स्ट्रा हाई टेंशन सबस्टेशनों से विद्युत आपूर्ति के दौरान पॉवर ट्रांसफार्मर्स पर प्राय: इंडक्टिव लोड (सिंचाई मोटरें एवं घरेलू उपकरण) होता है, जिससे वोल्टेज में कमी आती है और विद्युत गुणवत्ता प्रभावित होती है। इस समस्या के समाधान के लिये कैपेसिटर बैंक लगाए जाते हैं, जो अपने कैपेसिटिव लोड के माध्यम से उस इंडक्टिव प्रभाव को संतुलित कर देते हैं। इसके परिणामस्वरूप पॉवर फैक्टर में सुधार होता है और उपभोक्ताओं को मानक वोल्टेज पर विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति होती है।

सेवा पखवाड़ा में रक्तदान के साथ स्वास्थ्य शिविर भी लगेंगे

भोपाल। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित सेवा पखवाड़े में स्वास्थ्य विभाग भोपाल द्वारा व्यापक स्तर पर ब्लड डोनेशन शिविरों एवं स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा । 17 सितंबर को जयप्रकाश जिला चिकित्सालय में वृहद स्तर पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित होगा , जिसमें शासकीय और निजी क्षेत्र के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण जांच एवं परामर्श दिया जाएगा। जिले के 27 ब्लड सेंटर्स में इन हाउस एवं आउटरीच रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे । यह शिविर 24 सितंबर तक निरंतर आयोजित होंगे। 17 सितम्बर को जिला चिकित्सालय के साथ-साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांधीनगर , सिविल अस्पताल बैरागढ़ एवं बैरसिया ब्लॉक के ग्राम रतुआ में विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। पखवाड़े में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे। 17 सितंबर को ही माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत की जावेगी। माननीय प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी इन शिविरों में किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ मनीष शर्मा ने बताया कि अभियान में मुख्य रूप से महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण पर आधारित गतिविधियां सम्मिलित की गई है, जिसका उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार , किशोरियों में पोषण व एनीमिया के प्रति जागरूकता को बढ़ाना, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, एनीमिया एवं सिकल सेल रोगों तथा क्षय रोग कुष्ठ रोग की स्क्रीनिंग किया जाना है।

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्रों का चयन कर उनके माध्यम से फूड बास्केट का वितरण करवाया जाएगा।

स्टेशन बजरिया के श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर में अनजाने में हुई गलतियों की एक-दूसरे से क्षमा मांगी

भोपाल। श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर स्टेशन बजरिया में क्षमावाणी पर्व मनाया गया बजरिया जैन समाज ने एक दूसरे से क्षमा मांग कर मनाया मूलनायक श्री महावीर स्वामी भगवान अभिषेक कर मंत्र उच्चारण शांति धारा की गई और सभी के मंगलमय जीवन की प्रार्थना की गई प्रवक्ता नरेंद्र जैन के अनुसार क्षमा वाणी कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य श्री महामुनि राज के चित्र पर संजय पंचरत्न जिनेंद्र जैन ताराचंद जैन विनोद सिंघई राजा नायक जीतू जैन राजेंद्र पान बजरिया अध्यक्ष राजीव पंचरत्न एवं कमेटी द्वारा चित्र अनावरण ,दीप प्रज्वलित मंगलाचरण कर क्षमा वाणी कार्यक्रम शुरू किया। पंच परमेष्ठी को नमस्कार कर। समस्त मुनि संघ आर्यिका संघ त्यागी वृत्तियों से हाथ जोड़कर सभी ने माफी मांगी। व्रत साधना करने वाले तपस्वियों का सम्मान सभी बुजुर्ग महिला एवं पुरुषों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। महिला मंडल अध्यक्ष बबीता पंचरत्न द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों द्वारा नृत्य नाटिका आचार्य श्री के जीवन पर धार्मिक नाटिका की प्रस्तुति की गई। सभी ने जानी अनजानी में हुई गलतियों को एक दूसरे को हाथ जोड़कर गले मिलकर क्षमा मांगी । कार्यक्रम में स्टेशन बजरिया समस्त जैन समाज क्षमावाणी पर्व में शामिल होकर धर्म लाभ लिया।